प्र. १ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। २०

अ) नादान ! बनती है बड़ी काबिल! कहती है – तुम जितनी प्रधान को साधोगे, वह उतना ही तुम्हे गिराएगी।

अथवा

वह चाहती थी कि मै गाँव सुधार – विकास के काम में दिलचस्पी रखूँ। चलो उसी की इच्छी पूरी हो। भला काम भला ही होता है।

ब) यह मै अच्छी तरह जानती हूँ कि आज की हर स्त्री घर परिवार के अतिरिक्त और भी न जाने कितनी जिम्मेदारियाँ निभाती है।

अथवा

अपनी – अपनी जिदंगी काजो बँटवारा हुआ उसमें घर की सारी जिम्मेदारियाँ और समस्याएँ –आर्थिक से लेकर दूसरी तरह की – मेरे जिम्मे थी।

प्र. २ राजनीतिक एंव सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया में चाक उपन्यास की चर्चा कीजिए। २०

अथवा

चाक उपन्यास की समस्यां आपने शब्दों मे लिखिए।

प्र. ३ एक कहानी यह भी में मन्नू भंडारी के पत्नी रुप की चर्चा कीजिए। २०

अथवा

राजेंद्र यादव का अतंर्दवंदव पूरक प्रसंग के माध्यम से समझाइए।

प्र. ४ किन्ही दो के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। २०

क) श्रीधर का चरित्र

ख) चाक उपन्यास का उद्देश्य

ग) मन्नूभंडारी का स्कूली जीवन

प्र. ५ अ) एक वाक्य नें उत्तर लिखिए। १०

१) खेरापतिन दादी की कोई एक विशेषता लिखिए।

२) रेशम की हत्या किस कारण होती है?

३) चंदन कौन था?

४) सारांश डोरिया से किस प्रकार बदला लेती है?

५) अतरपूर गाँव के लोगो का मुख्य व्यवसाय क्या है?

६) स्त्री सुबोधिनी कहानी किस उद्देश्य से लिखि गई?

७) रचना के बचपन का नाम लिखिए।

८) मीत कौन थी?

९) मल्लू की किन – किन कहानियों पर टेलीफिल्म बनी।

१०) हंस पत्रिका के संपादन अंत तक कौन रहे?

ब) सही विकल्प चुनिए। ५

१) गॉव में लोककथाएँ सुनाने का काम करती है –

क) सारंग ख) खेरापतिन दादी

ग) कलावती घ) गुलकंदी

२) रंजीव के चचरे भाई का नाम है –

अ) पन्नासिंह ब) भॅवर

क) कत्रेसिंह घ) श्रीधर

३) रजनीगंधा फिल्म इस कहानी पर बनी –

अ) यही सच है ख) कील और कसक

क) त्रिशंकु घ) अकेली

४) नशा कहानी की नायिका –

अ) आनंदी ख) दादी

क) सोमा बुआ घ) रिंकु

५) हिंदी साहित्य की दुनिया में प्रवेश का कारण मन्नू इन्हे मानती है –

अ) शीला अग्रवाल ख) पिताजी

क) यशपाल घ) राजेंद्र यादव

क) जोडा मिलाइए ५

आपका बंटी	सोमाबुआ
अकेली	शकुन
क्षय	दादी
यही सच है	कुंती
मजबूरी	दीपा